परेशानी

एनएच-30 पर बंजारी के पास सड़क धंसी, रोज गुजरते हैं हजारों वाहन

# बीच सड़क मुसीबत बना जानलेवा गड्ढा





**नवभारत, भुआ बिछिया।** नेशनल हाईवे 30 पर जबलपुर से रायपुर जाने वाले व्यस्त मार्ग में भुआ बिछिया नगर के करीब बंजारी के पास सड़क ने जवाब दे दिया है। यहां हाईवे के बीचों-बीच लगभग 4 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा गड्ढा बन गया है। इस गड्ढे की वजह से न सिर्फ यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि हर गुजरने वाला वाहन चालक अपनी जान हथेली पर रखकर निकल, शुक्रवार सुबह 9:30 बजे रायपुर से जबलपुर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी एल 8236 कि चालक उधम सिंह पटेल ने बताया की रास्ते में ड्राइवर साइड अचानक रोड धस गई और टायर फूट गया फूटते ही ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया, कोयले से भरा ट्रक पलटने से दोनों तरफ बिखर गया।

## घंटों लगा रहा जाम

कोयले से भरे ट्रक के पलटने के बाद कोयला दोनों तरफ रास्ते पर बिखर गया जिसकी सूचना थाना बिछिया में दी गई थाना प्रभारी के आने एवं पुलिस के भारी मशक्कत के बाद डेढ़ घंटे बाद रास्ता खोला गया, हाईवे के बीचो-बीच अचानक से 4/4 का गड्ढा होना सड़क निर्माण एजेंसी के घटिया निर्माण को प्रदर्शित कर रहा है, समाचार लिखे जाने तक गड्ढे की भराई नहीं की गई है, जो की एक बड़े जनहानि का संदेश दे रही है।

### जल्द मरम्मत कराई जाए

इस मार्ग से डिंडोरी, मंडला, बालाघाट और छत्तीसगढ़ जाने वाले रोजाना हजारो से अधिक वाहन गुजरते हैं। सुबह-शाम स्कूल की बसें और मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस भी इसी रास्ते से गुजरती हैं। स्थानीय नागरिक एवं समाजसेवी बलरामपुरी गोस्वामी ने मांग है कि तुरंत गड्ढा भरा जाए। तब तक गड्ढे के चारों ओर बैरिकेड, रिफ्लेक्टर और चेतावनी के लिए सोलर ब्लिंकर लगाए जाएं। बरसात में यह गड्ढा और बड़ा होगा तो पूरा हाईवे बंद हो जायेगा। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना. है कि एनएच-30 पर इस तरह के गड्ढे सबसे ज्यादा हादसों की वजह बनते हैं। रात में बिना साइनेज के गड्ढा दिखाई नहीं देता और तेज रफ्तार वाहन चालक उसे आखिरी समय में देखकर ब्रेक लगाते हैं, जिससे पीछे से टक्कर होती है। समाज सेवी सुदेश नामदेव ने जिला कलेक्टर और जबलपुर प्रोजेक्ट डायरेक्टर से मांग की है कि वे मौके का निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराएं। साथ हाईवे के अन्य हिस्सों का भी सर्वे कराया जाए। ताकि इससे आम नागरिकों को जो दिक्कत हो रही है उससे बचा जा सका।

# सूने मकान से लाखों की चोरी करने वाले गिरफ्तार

विवाह समारोह में गए परिवार के घर हुई 9 लाख से अधिक की चोरी का खुलासा



**नैनपुर।** जिले के थाना नैनपुर पुलिस ने एक सूने मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक युवक और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा एसडीओपी मनीष राज के मार्गदर्शन में की गई।

शिकायतकर्ता अनंत कुमार वैष्णव निवासी वार्ड क्रमांक 15, नैनपुर ने 6 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे परिवार सहित विवाह समारोह में बाहर गए थे। इसी दौरान उनके सूने मकान के पिछले दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोरों ने करीब 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 2 लाख 25 हजार रुपये नकद पार कर दिए थे। जानकारी के अनुसार अपराधी बहुत समय से गुनहा के दलदल में फंसा है इसलिए इस करतूत को उसने अंजाम दिया।

### तकनीकी साक्ष्यों से पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर प्रिंस मर्सकोले 20 वर्ष और एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात करना कबूल किया। आरोपियों ने बताया कि चोरी के पैसों से बाल अपचारी ने करिश्मा जेडएमआर मोटरसाइकिल और साथी ने वीवो का मोबाइल खरीदा था। शेष आभूषण फरार आरोपियों द्वारा जिले के बाहर बेच दिए गए हैं।

### जब्त सामग्री व पुलिस टीम की भूमिका

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के पैसों से खरीदी गई उक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल जब्त कर लिया है। मामले में शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक मंशाराम वगेन, विक्रम सिंह बघेल, सउनि जगदीश सेयाम, सउनि नेताम और आरक्षक ओपी बघेल, नवीन, अक्षय सहित नैनपुर पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

एक नजर में

## हनुमानलला आश्रम में हुआ कार्यक्रम

**भुआ बिछिया।** श्री हनुमानलला आश्रम (हनुमान नाला) भुआ बिछिया, बंजारी धाम के आगे मेन रोड में स्थित है, जहां प्रतिवर्ष प्रत्येक श्रावण महीने में श्रीराम चरितमानस ग्रन्थ का अखंड पाठ पूरे सावन माह भर होता है। इस वर्ष भी श्रावण कृष्ण पक्ष की प्रथम तिथि, 30 जुलाई को श्रीराम चरितमानस अखंड पाठ का प्रारंभ हुआ, जो श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, 28 अगस्त 2026 को रुद्राभिषेक, हवन, भंडारा आदि के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ में भुआ बिछिया सहित आसपास तथा दूर के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी श्रद्धालुजन, मातृशक्तियां एवं समस्त सनातनी समाज की सहभागिता जोर शोर से होती है। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन, संधारण श्री हनुमानलला आश्रम समिति तथा मंदिर से जुड़े हुए समस्त श्रद्धालुजन करते हैं।

## ई रिक्शा के संचालन पर हो नियंत्रण

**जबलपुर।** ई रिक्शाओं को लेकर जन संगठनों ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर चिंता व्यक्त की है। साथ ही इनके संचालन पर नियंत्रण की मांग की है। ई. रिक्शा की बढ़ती संख्या से ट्रैफिक एवं नागरिकों को भारी असुविधायें हो रही है। इस मुद्दे पर जनसंगठनों ने एसपी सम्पत उपाध्याय, एएसपी अखिलेष तिवारी एवं संतोष शुक्ला से भी चर्चा है। डॉ.पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि वर्तमान में ई रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही है ।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में गुरूवार 30 जुलाई को शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला मुख्यालय पर आयोजित किये जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। सभी विभागों के अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से मौजूद रहने के निर्देश दिये गये है।

## किसान अब 15 अगस्त तक करा सकेंगे बीमा

**नवभारत,जबलपुर।** पीएम फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ2026 में कृषकों को फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने हेतु फ सल बीमा माह के आयोजन की अवधि भारत सरकार द्वारा बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। इसके पूर्व फ सल बीमा माह का आयोजन 1 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जाना निर्धारित किया गया था। उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के किसान अब अपनी खरीफ की अधिसूचित फसलों का बीमा 15 अगस्त तक करा सकेंगे।

# धमकी देने वाला बदमाश गया जेल



**नैनपुर।** थाना नैनपुर पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 350/2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 119(1) एवं 351(3) के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

प्रकरण में प्रार्थिया शंकरी बाई (उम्र 58 वर्ष), निवासी ग्राम बंधा, थाना नैनपुर, जिला मंडला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 जुलाई को शाम लगभग 6:00 बजे खेत से घर लौटने पर उनके बड़े पुत्र नीरज ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। मना करने पर आरोपी ने अश्लील गालियां देते हुए लकड़ी के डंडे से उनके सिर एवं हाथ पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव के दौरान आरोपी वहां से चला गया, लेकिन बाद में पुन: जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना नैनपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान थाना नैनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नैनपुर मंशाराम वगेन, सहायक उप निरीक्षक जगदीश सेयाम एवं थाना नैनपुर पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

टिकरिया पुलिस ने रैलियों, नुक्कड़ नाटकों और खेलकूद से दिया नशामुक्ति का संदेश

# नशामुक्ति अभियान का समापन, ली गई नशे से दूर रहने की शपथ




**नारायणगंज।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले भर में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा और एसडीओपी निवास पीएल वालरे के मार्गदर्शन में थाना टिकरिया पुलिस ने इस अभियान को अपने क्षेत्र में बेहद प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया।

थाना प्रभारी टिकरिया प्रदीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के शासकीय स्कूलों, स्वास्थ्य विभागों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सार्वजनिक वाहनों बसों, ऑटो में नशामुक्ति पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा, नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर और छात्र-छात्राओं व नगर सुरक्षा समिति के सहयोग से रैलियां निकालकर आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

### आयोजित हुईं खेल प्रतियोगिताएं

अभियान के तहत न केवल व्याख्यान दिए गए बल्कि क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों व आम जनता को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने के लिए थाना क्षेत्र के स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिताओं का भी सफल आयोजन किया गया। इस 15 दिवसीय अभियान का प्रभावी तरीके से प्रचार-प्रसार करने और इसे सफल बनाने में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडेय सहित उनके स्टाफ के उपनिरीक्षक पंकज सिंह बिष्ट, प्रधान आरक्षक रमेश कुमार धुर्वे, अभिषेक मिश्रा, आरक्षक दीपक द्विवेदी, अमित सुरेखिया, सुरेंद्र ठाकुर, प्रकाश जंघेला, राम रतन मस्करे, चंद्रभान मरावी, आशीष धुर्वे, नेपाल सिंह और सैनिक मैनेजर सिंह व मानिक लाल बरमैया की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

# विद्यार्थियों के मनमोहक नृत्य ने मन मोह लिया

नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव में मनाई गई गुरु पूर्णिमा



**शहपुरा नवभारत 30 जुलाई।** नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में गुरु-शिष्य परंपरा और गुरु के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना को समर्पित पावन पर्व गुरु पूर्णिमा श्रद्धा, उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को विशेष रूप से यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीके ब्यौहार, गणित शिक्षक, नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का श्रीफल एवं पेन भेंट कर सम्मान किया तथा उन्हें गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

गुरु के महत्व पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से गुरु के महत्व एवं गुरु पूर्णिमा के महात्म्य पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### गुरु के मार्गदर्शन का सम्मान करें

विद्यार्थियों को बताया गया कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है और भारतीय परंपरा में इस दिन गुरु के प्रति सम्मान, श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में गुरु के महत्व को समझने तथा उनके मार्गदर्शन का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# विद्यार्थियों ने फलदार पौधों का किया रोपण

श्रीराम एकेडमी में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**चिल्हारी नवभारत 30 जुलाई।** मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी स्थित श्रीराम एकेडमी विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हनुमंत कुंज आश्रम, शिवपुरी छपडौर पहुंचकर सद्गुरुदेव भगवान के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत आश्रम परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

विद्यालय के संचालक रविशंकर अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान श्री अवस्थी ने बच्चों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म में वृक्षों का विशेष महत्व है। पीपल, बरगद, तुलसी, बेल सहित अनेक वृक्षों की पूजा-अर्चना की जाती है।

इस अवसर पर सतीश उपाध्याय, कपिल मिश्रा सहित विद्यालय परिवार एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे यह विद्यालय क्षेत्र का एक ऐसा अकेला विद्यालय है, जहां प्रतिदिन बच्चों को कुछ नये शिक्षा एवं संस्कार दिए जाते हैं।

# 24 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्वर्ण पदक

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं डॉ नवीन शर्मा डायरेक्टर साउथ एशिया प्रोग्राम की अध्यक्षता में पंडित लज्जा शंकर झा की 153 वीं जयंती पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की 2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 24 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक देकर और 16 प्रकार की छात्रवृतियां देकर सम्मानित किया गया। इन छात्रों में नीट 2026 में सफल छात्र ओम चौकसे को 25000 रुपए तथा हाई स्कूल 2026 की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा श्रेया झा को 25000 की राशि मॉडेलियन 90 बैच द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत पूर्व न्यायाधीश श्रवण शंकर झा एवं संजय द्विवेदी,संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग घनश्याम सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे डीपीसी योगेश शर्मा, विद्यालय प्राचार्य संजय परिहार, शिक्षक कीरत कौरव, केके चौबे उपस्थित रहे।

# नशे से दूरी है ज़रूरी जनजागरूकता अभियान का समापन




**मण्डला।** नशे से दूरी है ज़रूरी जनजागरूकता अभियान का समापन कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय नैनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान मनीष राज, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) नैनपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने की। इस अवसर पर थाना प्रभारी नैनपुर श्री मंशाराम वगेन सहित पुलिस विभाग का स्टाफ, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओपी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने भी विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

थाना प्रभारी नैनपुर मंशाराम वगेन ने अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि यदि उनके आसपास कहीं भी नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार या सेवन होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस विभाग द्वारा अभियान के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले महाविद्यालय परिवार एवं सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आज शाम 5 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में होगी। कलेक्टर अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एमएसएमई विभाग के नवीन औद्योगिक क्षेत्र हेतु भूमि के चिन्हांकन एवं विकास योजनाओं तथा एमपीआईडीसी से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा होगी।

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मण्डला न्यायाधीश नैनपुर जिला मण्डला(म.प्र.)

Presiding Officer: आदिल अहमद खान
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000001/2026)
मोनीष प्रजापति ———— आवेदक
Vs
शाखा प्रबंधक मुख्य डाक घर
नैनपुर जिला मंडला ———— अनावेदक
Process Id-213/2026
पेशी दिनांक:-18/08/2026

प्रेषिती-
(1) आम जनता नैनपुर पता जिला मण्डला म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोनिष प्रजापति पता ने मृतक मोनिष प्रजापति पिता श्याम प्रजापति निवासी वार्ड नम्बर 11 पुरानी बस्ती नैनपुर मण्डला की 50,000/- रु. थी उक्त राशि एवं अतिरिक्त बोनस राशि बीमकत व्यक्ति का निधन होने पर नामित व्यक्ति अथवा प्रमाणिक व्यक्ति को प्राप्त होनी थी राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 August 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 August 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।यह आज तारीख 24 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मण्डला न्यायाधीश नैनपुर जिला मण्डला(म.प्र.)

श्रद्धांजलि

गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पंचतत्व में विलीन हुए सीआरपीएफ जवान प्रदीप

# तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर देख छलक उठीं आंखें



**नवभारत, बीजाडांडी।** मंडला जिले के बीजाडांडी विकासखंड अंतर्गत ग्राम धनवाही निवासी सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल प्रदीप कुलस्ते का अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। बताया गया कि पिछले लगभग 26 वर्षों से देश की सेवा कर रहे जवान प्रदीप ने विगत दिवस छत्तीसगढ़ के जगदलपुर स्थित 80वीं बटालियन कैंप में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर जब जवान का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ ताबूत में उनके पैतृक गांव धनवाही पहुंचा, तो वहां का माहौल अत्यंत गमगीन हो गया। देश के रक्षक को इस हाल में देखकर पत्नी सुधा बाई और बेटे कुणाल कुलस्ते का रो-रोकर बुरा हाल था। वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। छत्तीसगढ़ से आई टुकड़ी और मंडला की 148वीं सीआरपीएफ बटालियन ने जवान को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान अंतिम विदाई दी। मृतक जवान के पुत्र कुणाल ने भारी मन से पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इस भावपूर्ण अंतिम विदाई में जगदलपुर सीआरपीएफ के जवान, बीजाडांडी थाना प्रभारी अनीता कुड़ापे, तहसीलदार आलोक सोनी, ग्राम पंचायत धनवाही की सरपंच चित्रलेखा बाई, सेना के सेवानिवृत्त जवान और क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बताया गया कि छत्तीसगढ़ सरकार और विभाग की ओर से मृतक जवान की पत्नी सुधा बाई को तत्कालिक आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही सम्मान स्वरूप उन्हें राष्ट्रीय ध्वज भी सौंपा गया।

# घोड़ा अस्पताल वाले बाबा साहब के उर्स में उमड़े अकीदतमंद

**जबलपुर।** हजरत सैय्यद अली हसन अशरफी, घोड़ा अस्पताल वाले बाबा साहब के उर्स मुबारक मे बुधवार को अकीदतमंदों की भारी भीड़ नजर आई। सुबह से ही छोटी ओमती स्थित दरगाह में अकीदतमंद की हाजरी का सिलसिला शुरु हो गया था, यहां सभी धर्म के लोगों ने दरगाह शरीफ पर पहुंचकर नजरों न्याज पेश कर रहे है। उर्स मुबारक के दूसरे दिन दरगाह परिसर में कुरान ख्वानी का एहतेमाम किया गया है। रात्रि पीरे तरीकत सफी मोहसिन मियां की सरपरस्ती में नातिया मुशायरा आयोजित किया गया। इस मौके पर सैय्यद आजाद अली, मुईन खान, दरगाह ए ख़ादिम अब्दुल रशीद, मौलाना सूफी रजा चिस्ती कादरी, जावेद चिस्ती, उबेद मोहसिन, बादशाह खान, सूफी मुशाहिद, मोहम्मद शरीफ सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

**संदल जुलूस आज-** उर्स मुबारक के मौके पर 30 जुलाई जुमेरात को बाद नमाज जुहर दोपहर 3 बजे संदल जुलूस मरहूम मुन्ने अली के निवास छोटी ओमती से निकाला जाएगा।जो विभिन्न मार्गों से गश्त करते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगा जहां परंपरानुसार मगरिब की नमाज़ बाद मजार शरीफ पर चादर पोशी गुल पोशी की जाएगी।